राजभाषा अनुभाग Official Language Section
मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु Human Resource Wing, HO, Bengaluru

हिंदी माह 2021 का शुभारंभ

सितंबर माह : हिंदी माह

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु के आगंतुक लाउंज में दिनांक 01.09.2021 को सुबह 10.00 बजे हिंदी माह 2021 का उद्घाटन श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक द्वारा दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया और बैंक के संस्थापक स्व: अम्मेबाल सुब्बराव पै जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक,मानव संसाधन विभाग, श्री शंकर एस,महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्रीमती के ए सिंधु, महा प्रबंधक, प्राथमिकता साख विभाग और श्रीमती सलीना गोयल, विभाग प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय परिचालन विभाग ने कार्यपालक निदेशक का साथ दिया। इस संदर्भ में प्रधान कार्यालय विभागों के प्रमुख, मानव संसाधन विभाग के कार्यपालकगण तथा प्रधान कार्यालय के स्टाफ कार्यक्रम में उल्लास से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम, श्रीमती शीजा के आर ने ईश वंदना प्रस्तुत की। राजभाषा प्रभारी श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सब का स्वागत किया और हिंदी माह के दौरान आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सहर्ष सूचित किया कि बहुत सालों के बाद राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा केनरा बैंक को पत्रिकाओं की श्रेणी में “केनराज्योति” के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में कीर्ति पुरस्कार देने की घोषणा की गई है| श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक ने अपने संदेश में केनरा बैंक के सभी कर्मचारियों से यथासंभव अपने कार्यालयीन कार्यों को हिंदी में करने की सलाह दी। उन्होंने राजभाषा अनुभाग द्वारा आयोजित हिंदी माह के शुभारंभ कार्यक्रम की सराहना की और पत्रिकाओं की श्रेणी में “केनरा ज्योति” को “राजभाषा कीर्ति” पुरस्कार प्राप्त होने पर राजभाषा टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक और प्रधान कार्यालय के विभाग प्रमुखों ने राजभाषा अनुभाग द्वारा सृजित नारा - “आजादी का मनाएं अमृत महोत्सव, राजभाषा के प्रयोग का मनाएं नित्योत्सव” का विमोचन किया।

इस संदर्भ में श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक ने केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना 2020 -21 तथा श्री शंकर एस, महा प्रबंधक ने केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना 2020 -21 के विजेताओं के नामों की घाषणा की। उन्होने हिंदी माह समारोह के दौरान अंतरा बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता की सूचना देते हुए निबंध के विषय की घोषणा भी की।

तदुपरांत, राजभाषा अनुभाग के वरिष्ठ प्रबंधक श्री बिबिन वर्गीस ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अंत में उपस्थित कार्यपालकों एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने अपने सभी कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने के संकल्प के साथ अपने हस्ताक्षर दर्ज किए।

मुख्य झलकियाँ Highlights

ईश वंदना

दीप प्रज्ज्वलन करके हिंदी माह का शुभारंभ करते हुए
श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक

केनरा बैंक
हिंदी माह
लिए आवश्यक है।

केनरा बैंक
भाषा की सरलता, सहजता
हिंदी ने इन पहलुओं को
समाहित किया है
मोदी (प्रधानमंत्री

केनरा बैंक
Canara Bank
सरलता, सहजता
हिंदी ने इन पहलुओं को
समाहित किया है

संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कार्यपालक निदेशक

श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक का संबोधन

हिंदी नारे की घोषणा

राजभाषा अक्षय योजना और राजभाषा पुरस्कार योजना के परिणाम की घोषणा

धन्यवाद ज्ञापन Vote of Thanks

समूह छायाचित्र Group Photo